अनुक्रमांक .... समय : 2.00 घण्टा
नाम .... पूर्णांक : 50

प्रश्न-पुस्तिका
द्वितीय सेमेस्टर – 2018
(सामाजिक अध्ययन)

निर्देश :

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1. सम्राट अशोक के पिता थे— **(1)**
(A) बिन्दुसार (B) बिम्बिसार
(C) चन्द्रगुप्त मौर्य (D) कौटिल्य

2. बाघ की गुफाएँ हैं— **(1)**
(A) महाराष्ट्र में (B) उत्तर प्रदेश में
(C) मध्य प्रदेश में (D) छत्तीसगढ़ में

3. मुद्राराक्षस नाटक के लेखक थे— **(1)**
(A) शूद्रक (B) विशाखदत्त
(C) कालिदास (D) भारवि

4. गुप्तकाल की भाषा थी— **(1)**
(A) पालि (B) हिन्दी
(C) प्राकृत (D) संस्कृत

5. सल्तनत काल में सैनिकों को नगद वेतन देने की प्रणाली अपनाई— **(1)**
(A) इल्तुतमिश ने (B) रजिया ने
(C) नासिरुद्दीन महमूद ने (D) अलाउद्दीन खिलजी ने

6. पृथ्वीराज रासो के अनुसार राजपूतों की उत्पत्ति हुई— **(1)**
(A) प्राचीन क्षत्रियों से (B) ब्राह्मणों से
(C) विदेशियों से (D) अग्निकुण्ड से

7. सूफी सन्त निजामुद्दीन औलिया की दरगाह स्थित है— **(1)**
(A) आगरा में (B) लखनऊ में
(C) कानपुर में (D) दिल्ली में

8. पल्लवों का प्रसिद्ध बन्दरगाह था— **(1)**
(A) काँची (B) महाबलीपुरम्
(C) तंजौर (D) वेंगी

9. सल्तनत काल में प्रान्त को कहते थे— **(1)**
(A) राज्य (B) परगना
(C) इक्ता (D) शिक

10. भूकम्प नापने की इकाई है— **(1)**
(A) मापक (B) रिक्टर
(C) समताप (D) मिलीबार

11. संगमरमर है— **(1)**

(A) रूपान्तरित शैल (B) आग्नेय शैल

(C) परतदार शैल (D) मिट्टी

12. समुद्र तल से ऊपर उठे हुए विशालतम भू-भाग को कहते हैं— **(1)**

(A) महासागर (B) स्थलमण्डल

(C) महाद्वीप (D) जलमण्डल

13. सबसे बड़ा महासागर है— **(1)**

(A) हिन्द महासागर (B) प्रशान्त महासागर

(C) लाल सागर (D) काला सागर

14. भारतीय संविधान में नीति-निदेशक तत्वों को किस देश के संविधान से ग्रहण किया गया? **(1)**

(A) फ्रांस के (B) ब्रिटेन के

(C) आयरलैण्ड के (D) रूस के

15. निजी और सार्वजनिक दोनों क्षेत्रों का सह-अस्तित्व पाया जाता है— **(1)**

(A) साम्यवादी अर्थव्यवस्था में (B) मिश्रित अर्थव्यवस्था में

(C) समाजवादी अर्थव्यवस्था में (D) पूँजीवादी अर्थव्यवस्था में

अति लघु उत्तरीय प्रश्न

16. मेगस्थनीज द्वारा रचित पुस्तक का नाम लिखिए। **(1)**

17. तृतीय बौद्ध संगीति का आयोजन किसके शासनकाल में हुआ था? **(1)**

18. खजुराहो के मन्दिरों का निर्माण किन राजाओं ने कराया? लिखिए। **(1)**

19. राजपूतकालीन प्रसिद्ध शिक्षा केन्द्रों के नाम लिखिए। **(1)**

20. महमूद गजनवी ने भारत के प्रसिद्ध मंदिर पर सत्रह बार आक्रमण किया था। **(1)**

21. सल्तनतकालीन राज्य की आय के दो साधन लिखिए। **(1)**

22. परतदार शैल के दो उदाहरण लिखिए। **(1)**

23. विश्व की सबसे बड़ी नदी कौन-सी है? **(1)**

24. पृथ्वी की आन्तरिक क्रियाएँ कौन-कौन सी हैं? लिखिए। **(1)**

25. सूर्यातप किसे कहते हैं? **(1)**

26. ज्वार-भाटा से आप क्या समझते हैं? **(1)**

27. संविधान सभा की प्रारूप समिति के अध्यक्ष कौन थे? **(1)**

28. भारतीय नागरिकों के किन्हीं दो मूल अधिकारों के नाम लिखिए। **(1)**

29. भारत में हरित क्रान्ति के जनक कौन थे? **(1)**

30. अर्थव्यवस्था की मूल समस्याएँ लिखिए। **(1)**

लघु उत्तरीय प्रश्न

31. मौर्यों की प्रशासनिक व्यवस्था का वर्णन कीजिए। **(2)**

32. गुप्तकालीन प्रमुख बन्दरगाह कौन-कौन से थे? **(2)**

33. दक्षिण भारतीय मन्दिरों की विशेषताएँ लिखिए। **(2)**

34. मुहम्मद बिन तुगलक ने अपने शासनकाल में कौन-कौन सी योजनाएँ लागू की थीं? इन योजनाओं का क्या परिणाम हुआ? **(2)**

35. हमारी पृथ्वी पर कुल कितने महाद्वीप हैं? नामोल्लेख कीजिए। **(2)**

36. मौलिक कर्तव्यों के सन्दर्भ में अपने विचार लिखिए। **(2)**

37. जल के स्रोत कौन-कौन से हैं? लिखिए। **(2)**

38. वायु क्या है? वायु के गर्म होने का क्या परिणाम होता है? **(2)**

39. हमारे देश के लिए संविधान क्यों महत्वपूर्ण है? **(2)**

40. कृषि विकास हेतु सरकार द्वारा अपनाए जाने वाले किन्हीं दो उपायों के बारे में लिखिए। **(2)**

UPDELEDSTUDY.IN

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-2/samajik-adhyayan/2018

2. सामाजिक अध्ययन का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-2/samajik-adhyayan/

3. सामाजिक अध्ययन के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-2/samajik-adhyayan/

हमसे जुड़ें
Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN